## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया जल संरचनाओं का निरीक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका ने संयुक्त रूप से जल संरचनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सांईखेड़ा में नरहरिनंद तालाब और झिरिया में बनाये जा रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावति व्यारे, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और स्थानीय अमला मौजूद था। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि नरहरिनंद तालाब में किये जा रहे



सौंदर्यीकरण और झिरिया में बनाये जा रहे अमृत सरोवर के कार्य देखा । उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर के बन जाने से यहां की स्वसहायता समूहों को रोजगार उपलब्ध होगा। यहां के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। अमृत सरोवर के आसपास बागवानी, फल-फूल आदि की फसलें लगाकर किसान अपनी आय को दोगुनी कर सकते हैं। वहीं स्वसहायता समूह की महिलायें मछली पालन कर सकती हैं।

विदित है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से प्रदेश सहित जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 30 मार्च से शुरू हो चुका और 30 जून 2025 तक चलाया जायेगा। इस दौरान जल संरचनाओं का निर्माण, अमृत सरोवर, बोरी बंधान, कुओं व बावड़ियों की साफ-सफाई व उनके जीर्णोद्धार जैसे अनेक कार्य किये जा रहे हैं।

## नाबालिग के दुष्कर्मी को दस साल की सजा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी कोमल उर्फ छोटू आ0 भैरोप्रसाद जाटव आयु 21 वर्ष, निवासी- ग्राम मढपिपरिया, थाना महाराजपुर, जिला सागर (म.प्र.) को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को धारा- 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/- जुर्माना सें तथा भादवि की धारा 366 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- जुर्माना से दंडित किया गया।

जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभियोक्त्री के पिता ने आरक्षी केन्द्र पलोहा में इस आशय की रिपोर्ट लेख करायी कि दिनांक 30/11/2023 को करीब 2 बजे अभियोक्त्री शौच जाने का कह कर घर से गई जो कि वापस नहीं आई, जिसे उन्होने आसपास तलाश किया परंतु वह



कहीं नहीं मिली। फरियादी की रिपोर्ट पर आरक्षी केन्द्र पलोहा में गुमशुदगी रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई जिसके आधार पर अपराध क्रमांक 220/2023 पर धारा 363 भादवि के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की जाकर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान अभियोक्त्री को दस्तयाब कर उसके कथन लेखबद्ध किए जाकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। प्रकरण में संहिता की धारा 366, 376 एवं अधिनियम 2012 की धारा 5/6 का इजाफा किया गया। विवेचना के दौरान साक्षीगण के कथन लेखबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं अन्य आवश्यक अन्वेषण एवं कार्यवाही उपरांत अभियोगपत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय द्वारा अभियोगपत्र प्रस्तुति के उपरांत आरोप पत्र विरचित किया जिसमें 5/6 पॉक्सो अधिनियम के साथ-साथ 3/4 पॉक्सो अधिनियम की धारा का आरोप विरचित किया था। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत किए गए साक्षी जिसमें अभियोक्त्री, पिता व भाई की साक्ष्य महत्वपूर्ण एवं विश्वसनीय मानते हुये एवं चिकित्सक द्वारा न्यायालय में दिये गये साक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए तथा चिकित्सीय साक्षी द्वारा दिये गये साक्ष्य के समर्थन में आई हुई डी.एन.ए. रिपोर्ट को निश्चियात्मक साक्ष्य मानते हुये तथा बचाव पक्ष द्वारा अभियोक्त्री के आयु बावत् ऐसा कोई भी दस्तावेज या साक्ष्य प्रस्तुत न करने के कारण की अभियोक्त्री 18 वर्ष से अधिक है आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुये न्यायालय द्वारा आरोपी को उक्त सजा सें दंडित किया।

## सार-समाचार

### रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक कल

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर की कार्यकारिणी सभा की बैठक कलेक्टर/ अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति की बैठक चिकित्सालय के सभाकक्ष क्रमांक 26 में बुधवार 7 मई को प्रात: 11.30 बजे से आयोजित की जायेगी। यह जानकारी सचिव/ सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक नरसिंहपुर ने दी है।

### मिलन संस्था ने किया सतुआ का वितरण



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वैशाख माह में जिले के धार्मिक स्थलों और नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ भाड़ बनी हुई है कहीं भंडारा चल रहा है तो कहीं बेल का शरबत और कहीं सतुआ वितरित किया जा रहा है। इसी क्रम में मिलन संस्था द्वारा चिनकी घाट एवं मिलन संस्था के कार्यालय में सत्तू का वितरण किया गया।

### मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम मई के अंतिम सप्ताह में संभावित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मई के अंतिम सप्ताह में गाडरवारा मुख्यमंत्री मोहन यादव का दौरा कार्यक्रम संभावित आयोजन को लेकर जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गाडरवारा में बैठक की गई। कार्यक्रम हेतु मंडी प्रांगण व बीज निगम का स्थान निरीक्षण किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सालीचौका में आयोजित हुई ऑन द जॉब ट्रेनिंग

**गाडरवारा, देशबन्धु।** व्यावसायिक शिक्षा में ट्रेड हेल्थ केयर की छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सालीचौका में ऑन द जॉब ट्रेनिंग ओजीटी के तहत प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीचौका की छात्राओं के साथ बीएमओ अनिल पटेल,प्राचार्य अशोक कुमार रघुवंशी,जगदीश प्रसाद मेहरा,शबनम कुरैशी एवं? समस्त स्टाफ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड करेली में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।अतिथियों ने जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में रंगोली प्रतियोगिता में दीपा नामदेव, पूजा चौबे, बबीता जाटव व मोनिका सोनी, मेहंदी प्रतियोगिता में सृष्टि रजक, ऋतु कौरव, पूजा चौबे व प्रार्थना रजक और चित्रकलां प्रतियोगिता में एंजिल सोनी, धर्मेंद्र मेहरा, विकास चौधरी व मनोज रजक विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

## कायस्थ समाज ने वाहन रैली निकाली

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पाप पुण्य के लेखक भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्राकट्योत्सव पर कायस्थ समाज द्वारा पूजन एवं वाहन रैली का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रात: 10 बजे यादव कॉलोनी स्थित देव चित्रगुप्त मंदिर में पूजन एवं सत्यनारायण भगवान की कथा हुई। इसके पश्चात सामाजिक गतिविधियों पर विमर्श हुआ।

द्वितीय चरण में शाम 4 बजे वाहन रैली सम्पन्न हुई। मंदिर से प्रारंभ हुई रैली बाहरी रोड होते हुए स्टेशन गंज पहुंची, स्टेशन के पश्चात मुख्य मार्ग से होते हुए नरसिंह भगवान के मंदिर पहुंची यहां भोले मुंशी परिवार द्वारा रैली



पर पुष्प वर्षा कर उसका अभिनन्दन किया गया।

भगवान नरसिंह के दर्शन उपरांत रैली वापस चित्रगुप्त मंदिर लौटी जहां पर आरती एवं सजातीय भोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नगर के विभिन्न स्थानों पर अनेक संगठनों ने रैली का अभिनंदन किया। समस्त कायस्थ बंधुओं ने रैली के माध्यम से एवं आपसी विचार विमर्श से राष्ट्रीय एकता को बल देने की बात की।

## रायपुर में कलश यात्रा से मानस सम्मेलन शुरु

**गाडरवारा, देशबन्धु।** क्षेत्र के ग्राम रायपुर के शासकीय उ मा विद्यालय मे गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर भारत माता की मूर्तिपूजन एवं स्थापना के तत्वाधान मे 12 मई तक आयोजित होने वाले श्रीराम महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन का भव्य शुभारंभ विशाल कलश यात्रा से किया गया।

कलश यात्रा में बाजे गाजे के साथ रथ पर भारत माता की मूर्ति विराजमान थी उसके पीछे नारी शक्ति सिर पर कलश रखकर साथ में थी। कलश यात्रा गाँव की गलियों से गुजरकर वापिस यज्ञ स्थल पर जाकर समाप्त हुई। उल्लेखनीय है कि यज्ञ शाला में प्रतिदिन अनेक श्रद्धालु परिक्रमा करके पूजन कर रहे है। इसके अलावा विद्यालय के ही पास तुलसी मानससंस्कृति भवन मे प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम होंगे।

प्रवचन मे श्री श्री 1008 जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी शारदानन्द सरस्वती महाराज (कांगड़ा पीठाधीश्वर हिमाचल प्रदेश), गुरुदेव राजीव लोचनदास महाराज (चित्राकूट धाम उ.प्र.),वीरेन्द्र शास्त्री मानस पपीहा (संत बरहटा), साध्वी प्रभा भारती (वृंदावनधाम), शक्तिधाम पीठाधीश्वर दिवाकर महाराज (गौ माँ प्रेम क्रांति यात्रा रा.अ.) यज्ञाचार्य पं. धर्मेन्द्र उदेनिया (चाँदनखेड़ा), यज्ञ शिरोमणि पं. प्रकाशचन्द्र उदेनिया चाँदनखेड़ा द्वारा प्रवचन सुनाये जायेंगे।

12 मई को यज्ञ पूर्ण आहुति एवं भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा। समस्त सहयोगीजन, भक्तजन, संपूर्ण अंचल के शिष्यगण, गुरुकुलम् चाँदनखेड़ा ने समस्त धर्म प्रेमी श्रद्धांलुओं से उपस्तिथि की अपील की है।

## गायत्री परिवार का निर्मल जल अभियान

**गाडरवारा, देशबन्धु** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज द्वारा जल शुद्धिकरण निर्मल जल अभियान की शुरुआत गंगा सप्तमी पर की गई।जल स्रोतों की साफ सफाई भागीरथी जलाभिषेक अभियान के तहत सम्पूर्ण देश के जल स्रोतों की साफ सफाई हेतु संकल्प जनजागरण किया जा रहा है।मध्यप्रदेश में नर्मदा स्वच्छता संकल्प, जनजागरण अभियान के रूप विभिन्न घाटों पर गायत्री परिवार द्वारा सफाई की गई।

गायत्री परिवार तहसील शाखा गाडरवारा समंवक राजेश कुमार कौरव एवं गायत्री परिवार तह शाखा तेंदूखेड़ा समन्वय श्रीकांत गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों सैकड़ों परिजनों की टोली ने ककराघाट पर दो घंटे का श्रम दान समय दान देकर रेत घाट के अपशिष्ट पदार्थो कचरे का निपटारा किया।इस अभियान में किसान संघ,रामरसिया भक्त मंडल, नमामि नर्मदा मंडल, पतंजलि योग महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल आडेगांव खुर्द, सिंहपुर छोटा, दिघोरी अन्य संगठनों से जुड़े भाई बहनों ने सहभागिता प्रदान की। सभी भाई बहनों ने रेत घाट पर बिखरी प्लास्टिक थैलियां,पन्नी,नारियल छिलका,सडे गले कपड़े,विविध प्रकार के मुण्डन इत्यादि संस्कारों के अपशिष्टो का निपटारा किया, तत्पश्चात गायत्री परिजनों द्वारा हाथ में बैनर, तख्ती लेकर दुकानदारों, श्रद्धालुओं, जनसामान्य को जलशुद्धि अभियान के नारों व प्रज्ञा गीतों के माध्यम से नर्मदा के महत्व, निर्मल जल, स्वच्छता हमारा धर्म, कचरा करना,तट गंदा करना हमारी नासमझी की प्रेरणा प्रदान की। अंत में विचार गोष्ठी का आयोजन रखा गया जिसमें तेंदूखेड़ा से श्रीकांत गुप्ता, संतोष पटेल, रामकुमार ठाकुर, वीरेन्द्र पटेल, गाडरवारा से राजेश कुमार कौरव, विनोद श्रीवास्तव,केशव पचौरी, श्रीमती मनोरमा श्रीवास्तव के अलावा गायत्री परिवार जबलपुर उपजोन समिति सदस्य वृंदावन पटेल द्वारा नर्मदा जल को पवित्र, निर्मल रखने पर विचार व्यक्त किए साथही जन जागरण अभियान चलाकर तथा समय-समय पर निरंतर साफ सफाई अभियान चलाकर जल स्रोतों को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिजन अखिलेश साहू, आशीष सक्सेना, गोविन्द कौरव, गीता प्रसाद कौरव, सुरेश गुप्ता, ड्रॉ राजेन्द्र दुबे, शिक्षक मधुसूदन पटेल, दुर्गा प्रसाद कोरी तथा किरण बहन जी, लक्ष्मी शुक्ल का सराहनीय सहयोग रहा।

## कन्याशाला सालीचौका में प्रारंभ हुआ समर कैम्प

**गाडरवारा, देशबन्धु ।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीचौका में समर कैंप का शुभारंभ किया गया।इस कैंप में शाला की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं के साथ अभिभावकों ने भी काफ़ी उत्साह दिखाया। विदित रहे कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के चिंतन कौशल आदि वृत्तियों का विकास होता है।समर कैम्प के दौरान प्रतिभागी छात्राओं को इंडोर खेल के साथ कविता,कहानी,संभाषण आदि गतिविधियाँ सीखने मिलती हैं जिससे उनकी सृजनात्मक शक्ति का विकास होता है।बच्चों को इसके लिए लगातार प्रेरित किया जाता है।समर कैम्प के शुरुआती दिन प्रतिभागी छात्राओं ने जहाँ कैरम आदि खेल में रुचि दिखायी वहीं कविता,कहानी,निबंध आदि लेखन की बारीकियाँ भी समझीं। कैम्प में शिक्षिका उषा श्रीवास्तव,अर्चना गुप्ता,अनीता दीक्षित एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## ज्ञान गंगा विद्यापीठ हाई स्कूल में बच्चे पुरस्कृत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सोमवार को ज्ञान गंगा विद्यापीठ हाई स्कूल नरसिंहपुर मे वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुये । जिसमें संस्था अध्यक्ष नंदकिशोर जी ठाकुर द्वारा संपन्न हुआ जिसमे सर्वोच्च अंक पाने बाले छात्र छात्राओं को संस्था अध्यक्ष नंदकिशोर जी ठाकुर और अध्यक्ष साहू समाज मां कर्मा देवी आयोजन, पत्रकार बंटी साहू , रिटायर्ड ह्यद्व रविशंकर अवस्थी, संस्था संचालक बसंत कुमार सोनी संस्था प्राचार्य श्रीमती शकुन सोनी संस्था प्रधानाचार्य सूरज कुमार



सोनी, संस्था शिक्षक श्रीमती अनीता दुबे,श्रीमती ज्योति पुरिया,श्रीमती तृवेणी पटेल, श्रीमती सविता नेमा, किरण सोनी श्रीमती बिनीता कोरी द्वारा सभी बच्चों को पुरुस्कृत किया गया साथ ही संस्था अध्यक्ष और सभी सम्मानियों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित की और शुभकामनाएं प्रदान की।

## आबकारी विभाग ने बाइक से शराब तस्करी करते दो युवकों को पकड़ा

**पन्ना, देशबन्धु।** आबकारी पुलिस ने एक मोटर साइकिल पर दो व्यक्तियों द्वारा ले जा रहे 300 पाव देशी शराब का अवैध परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है । आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया विश्वस्त मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सतना जिले के ग्राम जसो से गुनौर की तरफ एक मोटर साइकिल से दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर जा रहे है। मौके पर आबकारी टीम द्वारा कटन चौराहे के पास सड़क पर छिपकर इंतजार किया गया। कुछ देर बाद एक मोटर साइकिल पर दो संदेही आते दिखे। आबकारी दल द्वारा उन्हें रोककर पूछताछ की गई ।

तो उन्होंने अपना नाम राहुल अग्रवाल पिता रतनलाल अग्रवाल, उम्र 31 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 7, गुनौर और नीरज तिवारी पिता गोविंद तिवारी, उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 10 गुनौर बताया। मौके पर ही जब मोटरसाइकिल पर रखी बड़ी बोरी की तलाशी ली तो उसमें छह कागज के कार्टून में 300 पाव देशी शराब प्लेन कुल मात्रा 54 बल्क लीटर अवैध शराब कीमती 22,500 रुपए बरामद हुई। आरोपियों प धारा 34(2) के अपराध में मौके से गिरफ्तार किया। आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पन्ना के न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेजा गया।

### नाम सुधार सूचना

मैं आशीष कुमार कौरव पिता श्री अशोक कुमार कौरव उम्र 42 वर्ष, निवासी सिमरिया, तह. करेली जिला नरसिंहपुर म.प्र. का निवासी हूं। मेरी पति का नाम श्रीमति मोना कौरव है। मेरे पुत्र रूद्र प्रताप कौरव का जन्म दिनांक 9.1.2009 को पराडकर हॉस्पिटल नरसिंहपुर में हुआ था। नगर पालिका नरसिंहपुर द्वारा पुत्र रूद्र प्रताप कौरव का जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है। उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरे नाम त्रुटिवंश आशीष एवं पुत्र की माता का नाम त्रुटिवश मोना एवं पुत्र का नाम त्रुटिवश रूद्र प्रताप सिंह दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरा सही नाम आशीष कुमार कौरव एवं पुत्र की माता का सही नाम श्रीमति मोना कौरव एवं पुत्र का सही नाम रूद्र प्रताप कौरव है जो कि संपूर्ण दस्तावेजों में सही नाम दर्ज है जो कि सत्य व सही है। अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम आशीष कुमार कौरव एवं पुत्र की माता का सही नाम श्रीमति मोना कौरव एवं पुत्र का सही नाम रूद्र प्रताप कौरव दर्ज करवाना चाहता हूं, जिसके समर्थन हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत किया है।

आशीष कुमार कौरव

## भिंड की घटना ने उठाए कई सवाल, सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के भिंड में पत्रकारों के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर संयुक्त पत्रकार मोर्चा और जागरूक नागरिकों ने मिलकर मुख्यमंत्री के नाम, अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस मामले की जांच करवाकर दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाये।



अगर पत्रकार को लिखने में अधिकारी इस प्रकार की कार्रवाई करेंगे। तो अराजकता बन जाएगी। भिंड की घटना का दुर्भाग्य है कि जिन पर सुरक्षा की जिम्मेदारी है वे ही मारपीट करने लगे। अगर पुलिस ही पत्रकारों के साथ मारपीट की घटना करने लगेगी, फिर माफिया तो और ज्यादा पत्रकार के ऊपर हावी हो जाएगा, वैसे ही पहले देश में पत्रकारों की निरंतर हत्याएं हो रही है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो सवाल तो उठाना लाजमी है। इस मौके पर संयुक्त पत्रकार मोर्चा के पत्रकार साथी और जागरूक नागरिको ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

